## प्रेस नोट दिनांक 05.08.2022

जनपद सिद्धार्थनगर में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर नव युवकों, महिलाओं और लड़कियों को महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई तथा मनचलों एवं शोहदों पर कार्यवाही हेतु चेकिंग की गयी।

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.08.2022 को शक्ति मोबाइल / प्रभारी एण्टी रोमियो महिला उ0नि0 श्रीमती पूनम मौर्या द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सिद्धार्थ नगर, बासी थानाक्षेत्र में स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गयी।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01- महिला उ0नि0 श्रीमती पूनम मौर्या प्रभारी एण्टी रोमियो जनपद सिद्धार्थनगर।

02- आरक्षी रामविलास एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

03- आरक्षी राकेश यादव एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

04- महिला आरक्षी रीनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट- दिनांक 05.08.2022 थाना भवानीगंज

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अमित कुमार आनंद के आदेश के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सुरेश चंद्र रावत के कुशल पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज श्री अजय कुमार श्रीवास्तव एवं प्रभारी निरीक्षक भवानीगंज श्री गौरव सिंह के नेतृत्व में थाना भवानीगंज के ग्राम भानपुर रानी मस्जिददिया में दिनांक 04.08.2022 को ऑपरेशन संवाद का आयोजन किया गया, इस दौरान क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी, ग्राम चौकीदार एवं उपस्थित जनता जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में गोष्ठी का आयोजन कर संवाद स्थापित किया गया एवं त्वरित निवारण भी किया गया एवं आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न करने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आम जनमानस से अपील की गई व अमृत महोत्सव के बारे में तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई तथा शासन द्वारा जारी पुलिस सहायता नंबरों की जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट थाना भवानीगंज दिनांक 05.082022

## 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

श्री अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में श्री गौरव सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.2022 को वाद सं0 644/19 धारा 323, 504 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

01.सत्तार उर्फ अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल्ला निवासी बिथरिया थाना भवानीगंज सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

01. SI श्री दिग्विजय सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थ नगर।

02. HC रामकुमार सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थ नगर।

**प्रेस नोट-थाना शिवनगर डीडई दिनांक 05.08.2022**

**थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा एक बिखरते हुए परिवार को बचाया गया**

श्री अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री देवी गुलाम, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्री ज्ञानेंद्र कुमार राय थाना शिवनगर डिडई के नेतृत्व में शिव नगर डीडई पुलिस द्वारा एक परिवार को बिखरने से बचाया गया।

आज दिनांक 05.08.2022 को आवेदक तौफीक अहमद ग्राम करमाहिया द्वारा अपने 5 माह के बच्चे के साथ उपस्थित होकर प्रार्थना-पत्र दिया की उसकी पत्नी अपने 5 माह के बच्चे को छोड़कर नाराज होकर घर से मायके चली गई है, बार-बार बुलाने पर भी आने को तैयार नहीं है मैं परेशान होकर थाने पर आया आया हूं, बच्चा कल से ही रो रहा है। उक्त प्रार्थना-पत्र पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा तत्काल महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी शिप्रा सिंह को प्रार्थना-पत्र देकर प्रकरण का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क टीम द्वारा दोनों को उसके परिजन समेत बुलाया गया दोनों पति-पत्नी की काउंसलिंग कर मतभेद दूर कराया गया और बच्चे को उसकी मां को सौंपा गया दोनों पक्ष समझाने बुझाने पर अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक साथ रहने को राजी हुए व परिजनों के साथ हंसी खुशी अपने घर चले गए और पुलिस का आभार व्यक्त किए।

**प्रेस नोट थाना शोहरतगढ़ दिनांक 05.08.2022**

**चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्तो को शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय/जेल भेजा गया।**

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री राणा महेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में अभियान के अन्तर्गत थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही-

आज दिनांक 05.08.2022 को प्रभारी निरीक्षक, श्री जयप्रकाश दूबे के निर्देशन में उ.नि. श्री कन्हैया कुंवर तिवारी मय टीम द्वारा मु.अ.सं. 235/22 धारा 380/411 IPC से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगणो को महादेवा नाकार चौराहा के पास से चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी के 2 बोरी मशाले बरामद हुए। अभियुक्त गणो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय/जेल भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. आशुतोष शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी नीबीदोहनी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
2. अजीत तिवारी पुत्र स्व0 राजेश तिवारी निवासी महापात्र टोला वार्ड नं0 1 कस्बा व थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 कन्हैया कुंवर तिवारी, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
2. हे0का0 जालन्धर प्रसाद, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
3. का0 अशोक कुमार, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
4. का0 भुवाल यादव थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

**बरामदगी का विवरण**

एक बोरी मे 19 पैकेट गोल्डी मशाला, दूसरे बोरी मे राज पिशा मिर्चा 2 बण्डल, राज मीट मशाला 3 बण्डल, राज हल्दी पावडर 2 बण्डल कुल 7 बण्डल

**प्रेस नोट दिनांक 05.08.2022 थाना शोहरतगढ़**

**आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत थाना शोहरतगढ़ पर की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।**

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण आज दिनांक 05.08.2022 को थाना शोहरतगढ़ पर श्री राणा महेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ श्री जयप्रकाश दूबे थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ व समस्त अधि./कर्म.गण व धर्मगुरु, क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों की उपस्थिति में आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों व दोनों सम्प्रदाय के लोगों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी किया गया तथा शासन के आदेशों-निर्देशों को बताया गया तथा सम्बन्धित त्यौहार में किसी प्रकार की समस्या व विवाद के सम्बन्ध में पूछा गया तो कोई बात प्रकाश में नहीं आयी। त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी लोगों से सहयोग हेतु अपील की गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 05.08.2022 थाना त्रिलोकपुर**

ऑपरेशन शिकंजा के तहत थाना त्रिलोकपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दुष्कर्म के आरोपी को 06 माह के सश्रम कारावास व 10000रु के अर्थदण्ड से कराया गया दण्डित।

श्री अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "मुकदमों की पैरवी कर अभियुक्तों की सजा दिलाए जाने" के संबंध में चलाये जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के क्रम में श्री सुरेश चंद्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री अजय कुमार श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में श्री विद्याधर कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के प्रभावी पैरवी के दृष्टिगत थाना त्रिलोकपुर के मुकदमा अपराध संख्या 206/2007 धारा 323/325/452/504/506 भारतीय दंड संहिता व 3(1)X एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त प्रकाश पुत्र दुखहरण साकिन बढ़या थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को माननीय न्यायालय एससी एसटी एक्ट महोदय द्वारा दिनांक 04 अगस्त 2022 को 06 माह के सश्रम कारावास व ₹10000 के अर्थदंड से दंडित किया गया॥